तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
श्रीरामचरित मानस व रामलीला जीवन की सम्पूर्ण पाठशाला : देवांगन



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# पीडीएस दुकान संचालक 1 अक्टूबर को बंद रखेंगे अपनी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में राशन वितरण व्यवस्था संभालने वाले शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वर्षों से लंबित मांगों और कमीशन में बढ़ोतरी को लेकर वे अब आंदोलन के रास्ते पर उतर आए हैं। 1 अक्टूबर से पूरे प्रदेश की राशन दुकानें अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेंगी और 5 अक्टूबर को चारामा से रायपुर तक 125 किलोमीटर की पदयात्रा कर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जताया जाएगा।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक/ विक्रेता कल्याण संघ का कहना है कि वे लंबे समय से सरकार की महत्वाकांक्षी पीडीएस योजना को निष्ठा से संचालित करते आ रहे हैं

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

**खास बातें**

- कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर लंबे समय से कर रहे हैं आंदोलन
- पदयात्रा के साथ सौंपेंगे शासन को ज्ञापन




**मुख्यालय से पत्र आया है**

पीडीएस दुकान संचालकों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर 1 अक्टूबर को दुकान बंद करने की सूचना राज्य मुख्यालय को दी गई है। इस संबंध में उनके विभाग को राज्य मुख्यालय से पत्र आया है। जिले के दुकान संचालकों ने अभी कोई पत्र नहीं दिया है।
-घनश्याम कंवर, जिला खाद्य अधिकारी

लेकिन वर्षों से कमीशन की दरें बढ़ाने, मासिक मानदेय तय करने और वितरण में लगने वाले खर्चों की भरपाई जैसे मुद्दों को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। विक्रेताओं की प्रमुख मांग है कि खाद्यान्न पर कमीशन को 90 और 30 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर सीधे 3 सौ रुपये किया जाए, और सेवा सहकारी समिति के विक्रेताओं को 30 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाए। संगठन ने आरोप लगाया है कि राशन वितरण में वजन की कमी (हैंडिंग लॉस), वेंडिंग मशीन की स्टैंपिंग फीस, ई-पॉस मशीन के संचालन, और वित्तीय प्रोत्साहन राशि जैसी कई व्यावहारिक समस्याएं हैं, जिन पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया। खास बात यह है कि 2022 से बढ़ा हुआ एनएफएसए कमीशन भी अब तक विक्रेताओं को नहीं मिला है। इन्हीं छह सूत्रीय मांगों को लेकर विक्रेता अब चरणबद्ध आंदोलन के तहत पहले दुकानें बंद करेंगे और फिर पदयात्रा कर सरकार से सीधे संवाद करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर होंगे प्रतियोगिता

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा फोटोग्राफी, पेंटिंग, स्केच और 1 मिनट की वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आयोजन का उद्देश्य आमजन को न्याय, अधिकार और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करना है। प्रतिभागियों से प्रविष्टियां 6 अक्टूबर तक आमंत्रित की गई हैं। प्रतियोगिता में अधिकतम तीन प्रविष्टियाँ जमा की जा सकती हैं। प्रत्येक प्रविष्टि मूल, अप्रकाशित और उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। फोटो, पेंटिंग व स्केच 3 सौ डीपीआई रिज़ॉल्यूशन में तथा वीडियो अधिकतम 1 मिनट की अवधि में स्वीकार किए जाएंगे। प्रत्येक प्रविष्टि के साथ शीर्षक, संक्षिप्त विवरण और प्रतिभागी का नाम-पता व संपर्क नंबर अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरबा में पेनड्राइव के माध्यम से या निर्धारित गूगल ड्राइव लिंक पर अपलोड कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता कला के साथ-साथ न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### हरदीबाजार में कंचन जोशी का जागरण आज



**हरजीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा बस स्टैंड हरदीबाजार के दुर्गा पंडाल के पास छत्तीसगढी गायिका कंचन जोशी का कार्यक्रम मंगलवार को रात्रि 9 बजे रखा गया है जिसमें समिति के सदस्यों के द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की गई है।

### जल आपूर्ति नहीं होने से लोग हलाकान

**कोरबा।** हरदीबाजार का आबादी क्षेत्र एसईसीएल दीपका खदान के नजदीक है, जहां के रहवासी समय पर पानी की आपूर्ति नहीं होने से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं की टैंकर की संख्या बढ़ाकर राहत दिया जा सकता है। इस ओर प्रबंधन को ध्यान देना चाहिए, अन्यथा पीने के पानी की समस्या आगे विकराल होगी। कोयला खदान विस्तार से प्रभावित ग्राम का विस्थापन नहीं होने तक पानी की समस्या दूर की जाए। खनन कार्य में ब्लास्टिंग के कारण कुएं सूख गए हैं, बोर से गंदा पानी आने से पीने लायक नहीं है। है। पीने के पानी की समस्या हरदीबाजार कॉलेज रोड, शिक्षक नगर सहित अन्य मोहल्ले में बनी हुई है।

### पशुवध कार्य 2 एवं 21 अक्टूबर को रहेंगे बंद

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 2 एवं 21 अक्टूबर को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती एवं 21 अक्टूबर को भगवान महावीर निर्वाण दिवस के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों के दिए गए हैं। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## दशहरा और दिवाली की तैयारी में जुटा है शहर का बाजार

# ऑटो मोबाइल में जीएसटी 2 का असर अन्य व्यवसाय में बोनस का सहारा




कृष्णा हुण्डई शोरुम।



कपड़े की दुकान में खरीददारी करते ग्राहक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जीएसटी 2 का असर मार्केट में ऑटो सेक्टर मोबाइल में ज्यादा नजर आ रहा है लेकिन अन्य व्यवसाय में इसे लेकर अभी भी उम्मीद नजर नहीं आती।

**खास बात**

- कपड़ा, इलेक्ट्रानिक और ज्वेलरी मार्केट में खरीदारी की उम्मीद

व्यवसायियों की मानें तो ज्यादा लाभ आटो मोबाइल में ही है। ज्वेलरी, कपड़ा और इलेक्ट्रानिक के मार्केट में आम ग्राहकों को जैसा मार्जिन पहले मिलता था उससे कुछ पर्सेंट ही ज्यादा होगा।

दशहरा और दीवाली जैसे त्यौहार को लेकर आम लोग तैयार बैठे हैं। व्यवसायी जहां बेहतर कारोबार की उम्मीद बनाए हुए हैं वहीं आम लोग जीएसटी 2 को लेकर खरीदारी के लिए बाजार में उतरने की तैयारी में जुट गए हैं। व्यवसायी और आम लोगों के बीच जीएसटी 2 को लेकर अलग अलग चर्चा है। व्यवसायियों की मानें तो जीएसटी 2 का असर और ज्यादा लाभ केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर में ही मिलेगा। मार्केट के अन्य क्षेत्र में ग्राहकों को बड़ा लाभ मिलने की संभावना कम है। व्यवसायियों का कहना है कि जीएसटी 2 को लेकर आम लोगों के बीच जो धारणा बनी हुई है वह उनके मार्केट में खरीदारी के लिए आने के दौरान ही पता चलेगी। कपड़ा, ज्वेलरी और इलेक्ट्रानिक और आटो मोबाइल मार्केट के व्यवसायियों ने अपनी अलग अलग राय इस मामले में दी है। एक मत होकर सभी का कहना है कि आटो मोबाइल सेक्टर में 70 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक का फायदा आम लोगों को मिलेगा और यह फायदा एक बड़ा फायदा है और यही आम लोगों को ऑटो मोबाइल सेक्टर क ओर खींच रहा है।

## क्या कहते हैं शहर के व्यापारी

### परंपरागत रुप से होती रहती है कपड़ों की खरीदारी : गौरी

हीरानंद कॉम्पलेक्स में कपड़ों के बड़े व्यापारी और पीहर शोरुम के संचालक गौरी अग्रवाल ने कपड़ा के मार्केट में जीएसटी 2 के असर को नकार दिया है। उनका कहना है कि कपड़ा मार्केट में जीएसटी 2 का वैसा असर नहीं है जैसा आम ग्राहकों ने अपने मन में बनाकर रखा हुआ है। रही बात कपड़ों की खरीदारी की तो कपड़ों की खरीदारी परंपरागत रुप से होती रही है। फैशन के अनुरुप मार्केट में कपड़ा उपलब्ध है। महिलाओं और युवतियों के लिए कई तरह के पोशाक की वैरायटी मार्केट में हैं। ज्यादातर खरीदी उनके द्वारा ही होती है। कुछ वर्षो से युवा वर्ग में पैजामा कुर्ता एक फैशन के रुप में तेजी से उभरा है। हालांकि यह किसी धार्मिक उत्सव और पूजा आदि कार्यक्रम के दौरान आता है लेकिन खरीदारी भी इसकी बढ़ी है। मार्केट में खरीदारी की उम्मीद बढ़ी है तो वह केवल कर्मचारियों के मिलने वाले बोनस पर टिकी है परंतु यह देखने में आ रहा है कि खरीदारी करने वाले आम ग्राहक अब पैसों की बचत की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

### फायनेंस स्कीम से जीएसटी का मिलेगा फायदा : दीपक

ज्योति इलेक्ट्रानिक के संचालक दीपक मलानी जीएसटी 2 और बोनस के विषय पर तुलना करते हुए कहते हैं कि बोनस तो हर त्यौहारों में आता है और इसका असर मार्केट में दिखता है, किंतु इस बार जिस तरह से जीएसटी 2 त्यौहारों के समय लाया गया है उसका ग्राहकों को फायदा फायनेंस स्कीम में ज्यादा मिलेगा। श्री मलानी कहते हैं कि वर्तमान में केवल आम ग्राहक इलेक्ट्रानिक आयटम के विषय में केवल जानकारी ले रहे हैं। किस समान में कितने की छूट है इसकी पूछताछ जरुर चल रही है। उम्मीद है कि बोनस का पैसा और जीएसटी 2 का असर इलेक्ट्रानिक के मार्केट में पड़ेगा। वैसे भी त्यौहारों में इलेक्ट्रानिक के मार्केट में पहले भी खरीदारी होते आयी है। इस वर्ष भी खरीदारी होगी। ये जरुर है कि जीएसटी 2 आम ग्राहकों को मार्केट में उतरने को मजबूर कर देगा। एलईडी टीवी, फ्रीज और वाशिंग मशीन की मांग हमेशा रही है दाम इनके अधिक हो जाते हैं किंतु इनकी मांग कम नहीं होती है। इलेक्ट्रानिक आयटम में ग्राहकों को किसी में 3 हजार तो किसी में 5 हजार रुपए तक का फायदा हो सकता है।

### जीएसटी 2 की घोषणा से 20 दिन रुक गई थी बिक्री

ऑटो मोबाइल सेक्टर के सबसे बड़ी व्यवसायी प्रतिष्ठान कृष्णा हुंडई के संचालक राजा मोदी कहते हैं कि मार्केट में जीएसटी 2 से उछाल आएगा। ऑटो मोबाइल सेक्टर में ग्राहकों को ज्यादा लाभ मिलेगा लेकिन जीएसटी 2 की घोषणा हुई थी उसके बाद लगभग 20 दिन कम बिक्री होने के साथ प्रभावित भी हुई। पिछले एक सप्ताह से जीएसटी 2 लागू होने के तत्काल बाद ऑटो मोबाइल सेक्टर में अधिकांशतः चार पहिया वाहनों के संबंध में जानकारी लेने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है। यहां तक की ज्यादा दाम वाली गाड़ियों के संबंध में जानकारी ली जा रही है। इन गाड़ियों में ही आम ग्राहकों को ज्यादा फायदा है, मतलब जितनी अधिक कीमत की गाड़ी होगी आम ग्राहक को उतना अधिक फायदा होगा नहीं तो सामान्यतः 70 हजार से 1 लाख रुपए का फायदा होना तय है। मार्केट में जीएसटी 2 का सबसे ज्यादा असर ऑटो मोबाइल में पड़ने वाला है।

*कोरबा। कलेक्टर ने पाली में विभिन्न शासकीय संस्थानों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। पीएम सूर्यघर योजना के हितग्राही से योजना के सम्बंध में जानकारी ली। निर्माणाधीन एकलव्य हॉस्टल का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण कराने व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। पीएचसी लाफा में स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहकर आमजनो को लाभांवित करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार बाइक टकराई बिजली खंभे से, एक की मौत, एक घायल



सीसीटीवी फूटेज में बाइक चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दोस्त बाइक में सवार होकर जा रहे थे कि इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर रजकम्मा टोल नाके का बैरियर तोड़ते हुए लगभग 50 मीटर दूर जाकर सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे से जा भिड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरा हादसा टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

जानकारी के मुताबिक मामला कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। बांकीमोंगरा जंगल साईड पौनसरा थाना बांकीमोंगरा निवासी अमन कुमार जांगड़े उम्र 21 वर्ष पिता जगदीश प्रसाद जांगड़े 28 सितंबर की सुबह 8:50 बजे के लगभग घर से काम पर जा रहा हूं कहकर घर से अपने दोस्त किरन सहानी, किरन कैवर्त के साथ तीनो मोटरसायकल क्रमांक सीजी 12 बीए 5951 से निकले थे मोटरसायकल को अमन कुमार चला रहा था। दोहपर करीब 11:30 बजे रजकम्मा टोल प्लाजा के पास पहुंचे थे कि उसी समय मोटरसायकल को अमन कुमार द्वारा तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए टोल प्लाजा के बेरियर को ठोकर मारकर पास मे स्थित खंभे से टकरा कर एक्सीडेट हो गया जिन्हे ईलाज हेतु सीएचसी कटघोरा एम्बुलेंस की सहायता से लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। टोल कर्मचारियों के मुताबिक बाइक सवारों ने रफ्तार कम नहीं की और सीधे बैरियर तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। हादसे के बाद टोल नाके पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पीडीएस दुकान से चावल शक्कर की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबी पुलिस चौकी में ग्राम पाली के सरपंच ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम पंचायत पाली के ग्रामीणो को शासन की ओर से हर माह शासकीय चावल मिलता है। माह सितंबर का आबंटित चावल 250 क्वींटल एवं शक्कर 4.20 क्वींटल 13 सितंबर को ग्राम पाली के सोसाईटी में आया था जिसे सरपंच के द्वारा 14 से 27 सितंबर के मध्य 150 क्वींटल चावल एवं 2.70 क्वींटल शक्कर को ग्रामीणो को बांटा गया था तथा शेष 100 क्वींटल चावल तथा 1.5 क्वींटल शक्कर को पाली के पंचायत भवन के सोसाईटी में रखकर गेट पर ताला लगाया था। 28 सितंबर की सुबह 8 बजे करीब जब सरपंच सोसाईटी भवन जाकर देखा तो किसी अज्ञात चोर के द्वारा सोसाईटी भवन के गेट में लगे ताला को तोड़कर वहां रखे 100 क्वींटल चावल में से 17.5 क्वीटल चावल तथा 1.5 क्वींटल शक्कर को चोरी कर फरार हो गया है। सरपंच की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# एसईसीएल के ठेका कामगारों ने बोनस की मांग को लेकर काम का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में कार्यरत ठेका कामगारों ने बोनस की मांग को लेकर सुबह 5 बजे से काम का बहिष्कार कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया कामगारों ने सुबह अपने वाहनों को खड़ा कर दिया और सुबह 9 बजे से एसईसीएल के मुख्य कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन शुरू किया।

**खास बातें**

- एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में कार्यरत कामगारों का मामला
- 8 से 15 अक्टूबर तक मिलेगा वेतन और बोनस



प्रदर्शन करते ठेका कामगार।

इस सफल आंदोलन के परिणाम स्वरूप एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी ठेका कामगारों का बोनस और वेतन भुगतान उनके खाते में 8 और 15 अक्टूबर तक जमा कर दिया जाएगा। प्रबंधन इस संबंध में जल्द ही ऑफिस ऑर्डर जारी करेगा और सूचना पोर्टल पर भी प्रदर्शित करेगा। भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन और कामगार संगठनों के बीच यह भी तय हुआ है कि अगले साल से दशहरा से पूर्व ही सभी ठेका कामगारों को बोनस की राशि प्रदान कर दी जाएगी। इस अवसर पर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित संगठन के अध्यक्ष, सपुरन कुलदीप ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि परमानेंट वर्कर और ठेका कामगारों के लिए समान काम, समान वेतन, समान बोनस और सभी सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने की आवश्यकता है उन्होंने इस विषय पर जल्द ही एक वृहद बैठक बुलाने का आह्वान किया। श्रम सेवा भू-विस्थापित कामगार संगठन के संरक्षक, विजय महंत ने इस आंदोलन की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर हमारे इस आंदोलन का और विस्तार करना होगा उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस साल जो बोनस मिल रहा है, उसे आगामी वर्षों में नियम का हिस्सा बनाने के लिए प्रयास जारी रखना होगा।

संगठन के सदस्य अशोक पटेल ने प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के सकारात्मक निर्णय की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ठेका कामगारों के वेतन, भत्ता, मेडिकल और सामाजिक सुरक्षा जैसी अन्य मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। चर्चा में श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के राजेंद्र पटेल, देगूपोल, राजकुमार, संतोष, सेवाराम, विनोद सारथी, महावीर, कोमल खरे, रजनीकांत, देवप्रसाद अजय, ऊर्जाधानी संगठन के विजयपाल सिंह तंवर, बसंत कुमार कंवर, संतोष चौहान, ललित महिलांगे एसईसीएल की ओर से एपीएम वीरेंद्र कार्मिक प्रबंधक, रोहित श्रीवास नीलकंठ कंपनी के एचआर मुकेश सिंह, विनोद चौधरी प्रोडक्शन इंचार्ज के साथ त्रिपक्षीवार्ता में निर्णय लिया गया। इस सफल धरना प्रदर्शन में एसईसीएल कुसमुंडा की आउटसोर्सिंग कंपनियों के अंतर्गत कार्यरत सैकड़ों की संख्या में ड्राइवर, हेल्पर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप

### छह साल बाद स्टेट बार काउंसिल का चुनाव आज

बिलासपुर। स्टेट बार काउंसिल का चुनाव करीब 6 साल बाद 30 सितंबर मंगलवार को होगा। राज्यभर के 23 सकार अधिक पंजीकृत अधिवक्ता इसमें वोटिंग करेंगे। काउंसिल की 25 सीटों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में हैं। हर मतदाता को 5 वरीयता देना अनिवार्य होगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चुनाव में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक सुपरवाइजरी कमेटी बनाई है। रिटायर्ड जस्टिस चंद्रभूषण बाजपेयी को इसका जिम्मा दिया गया है। सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों और सिविल अदालतों में इसके लिए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में जिला जज की देखरेख में होगा। बिलासपुर और रायपुर में लगभग 5-5 हजार, दुर्ग में 3 हजार और राजनांदगांव में 2 हजार अधिवक्ता मतदान करेंगे। गौरतलब है कि स्टेट बार काउंसिल के चुनाव पिछले 6 साल से नहीं कराने पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने सख्त नाराजगी जताते हुए काउंसिल के सचिव से शपथ पत्र मांगा था। अब स्टेट बार काउंसिल के 25 पदों के लिए 6 साल बाद हो रहे इस चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी है। ध्यान रहे कि वर्ष 2019 में तत्कालीन स्टेट बार काउंसिल भंग हो गई थी, जिसके बाद से एक अंतरिम समिति परिषद का संचालन कर रही थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस बार के चुनाव नियमों में कुछ बदलाव किया है। हर मतदाता को कम से कम पांच उम्मीदवारों को वरीयता क्रम में बोट देना अनिवार्य होगा। प्रारंभिक मतदाता सूची में 19,228 वकीलों के नाम हैं। इस सूची में नए वकीलों के भी नाम जुड़ेंगे। इस तरह करीब 23 हजार वकील काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव करेंगे। इन 25 सदस्यों में से एक बार काउंसिल ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगा। ये 25 सदस्य मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का चुनाव करेंगे। बाकी सदस्यों को नए वकीलों का रजिस्ट्रेशन करने वाली इनरोलमेंट कमेटी, रूल मैकिंग कमेटी, वेलफेयर कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी समेत लगभग 8 कमेटियों में एडजस्ट किया जाएगा।

### सीपत एनटीपीसी में ठेका कर्मचारी की मौत

**बिलासपुर।** सीपत एनटीपीसी में ईएमडी एजेंसी के साथ टीपी 5 अंकर फ्लोर पर काम करने जा रहे एक ठेका कर्मचारी की मौत हो गई। एनटीपीसी सीपत अस्पताल में सीपीआर देने के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी प्रवीण रंजन भारती के अनुसार ईएमडी एजेंसी-पीके त्रिपाठी के साथ काम करने वाले एक ठेका कर्मचारी अमृत लाल साहू, उम्र-46, ग्राम-कुली तीन अन्य कर्मचारियों के साथ टीपी-5 (बंकर फ्लोर) पर काम पर जा रहा था। उनके साथ चल रहे सहकर्मियों के बयान के अनुसार अचानक अमृत लाल साहू का शरीर कांपने लगा और वह ज़मीन पर गिर पड़ा। उसे एनटीपीसी सीपत अस्पताल लाया गया और सीपीआर दिया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना में कार्डियक अरेस्ट का संदेह है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को जानकारी दी जा चुकी है। दिवंगत के परिवार को इसकी सूचना दी जा चुकी है। सीपत प्रबंधन दिवंगत के आश्रितों को नियमानुसार मुआवजा व अन्य सुविधाएं प्रदान करने प्रतिबद्ध है।

### आरक्षक ने कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा से किया दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले में पदस्थ एक आरक्षक पर कॉलेज में पढने वाली छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है। आरोपी ने छात्रा से पहले दुष्कर्म किया और फिर माफी मांग ली लेकिन बाद में फिर से उसने छात्रा को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद छात्रा ने पढ़ाई छोड़ दी। अब इस मामले में आईजी के निर्देश पर जशपुर जिले में शून्य पर अपराध दर्ज किया गया जबकि बलरामपुर में नम्बरी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।
बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिले के बगीचा में रहने वाली 21 वर्षीया छात्रा बलरामपुर में अपने रिश्तेदार के घर रहकर बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। बलरामपुर में रहने वाले उसके रिश्तेदार पति-पत्नी भी पुलिस विभाग में पदस्थ है। आरोप है कि कि छात्रा का परिचय बलरामपुर पुलिस लाइन के वाहन शाखा में पदस्थ आरक्षक सत्येन्द्र पाठक से हुआ था। 22 फरवरी को जब उसके रिश्तेदार ड्यूटी पर गए तो दोपहर में सत्येन्द्र पाठक घर में घुस आया और छात्रा से रेप किया। दुष्कर्म के बाद आरक्षक भाग निकला।

### महिला से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुनेपन का फायदा उठाकर महिला से छेड़खानी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने 25 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई वह शाम की करीबन 5 से 6 बजे घर पर अकेली थी, परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। इस दौरान आरोपी राजकुमार राठौर घर पर आया और प्रेम करने की बात कहते हुए घर के सुनेपन का फायदा उठाते हुए हाथ बाह को पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जब चिल्लाने लगी तो वहां से भाग निकला। मुलमुला थाने में अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई आरोपी की खोजबीन की गई तब नरियरा में होने पर पुलिस टीम पहुंची और घेरा बंदी कर हिरासत में लिया। जिसे पूछताछ करने पर छेड़खानी की जुर्म स्वीकार किया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

---

उद्योग मंत्री के आतिथ्य में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षक का दर्जा भगवान से ऊपर, बेहतर समाज निर्माण में निभाते हैं अहम भूमिका : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


शिक्षकों का सम्मान करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान हम सभी के लिए गौरव का विषय है, हमारी संस्कृति में शिक्षक का दर्जा भगवान से ऊपर है। शिक्षक बेहतर समाज का निर्माण में अहम भूमिका निभाते है, बच्चों को सच्चाई का मार्ग दिखाकर कर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाते हैं। आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक जैसे बड़े से बड़े पद पर प्रतिष्ठित अधिकारियों का भी भविष्य किसी शिक्षक द्वारा ही तैयार किया जाता है।

**खास बात**
- सेवानिवृत्त एवं नवाचारी शिक्षकों का किया गया सम्मान

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत 2047 की संकल्पना तभी साकार होगी जब देश का हर बच्चा शिक्षित हो, देश की तरक्की में अपना योगदान दें, राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का सतत प्रयास जारी है। जिले में डीएमएफ से शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए है। मद से जिले के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में सबेरे पौष्टिक नास्ता प्रदान किया जा रहा है, शिक्षकों की आवश्यकता वाले शालाओं में मानदेय शिक्षकों की नियुक्ति, पहाड़ी कोरवा व बिरहोर वर्ग के शिक्षित युवाओं को अतिथि शिक्षक व भृत्य के पद पर नियुक्ति दी गई है। अनेक स्थानों में नए शाला भवन के निर्माण की स्वीकृत किए गए है एवं मेधावी छात्रों को निःशुल्क नीट, जेईई की तैयारी की व्यवस्था भी डीएमएफ से की गई है। इस दौरान महापौर श्रीमती राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# नवरात्रि पर्व के दौरान यात्रियों को मिलेगी सुगम यात्रा की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें सुगम व निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर के मध्य पूजा पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08203 व 08204 बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर पूजा पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक चलेगी।

**खास बात**
- बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर के मध्य पूजा स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का होगा परिचालन

नवरात्रि पर्व में भक्तों को सुविधा देने के लिए रेलवे विभाग ने पूजा स्पेशल पैसेंजर ट्रेन की सुविधा दी है। जिसमें गाड़ी संख्या 08203 बिलासपुर-कोरबा पूजा स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक बिलासपुर स्टेशन से प्रतिदिन शाम 18.00 बजे रवाना होगी तथा गतौरा आगमन 18.11 बजे, प्रस्थान 18.12 बजे, जयरामनगर आगमन 18.20 बजे, प्रस्थान 18.21 बजे, कोटमीसोनार आगमन 18.28 बजे, प्रस्थान 18.29 बजे, अकलतरा आगमन 18.37 बजे, प्रस्थान 18.39 बजे, कापन आगमन 18.48 बजे, प्रस्थान 18.49 बजे, जांजगीर-नैला आगमन 18.56 बजे, प्रस्थान 19.01 बजे, चांपा आगमन 19.11 बजे, प्रस्थान 19.13 बजे, बालपुर हॉल्ट आगमन 19.30 बजे, प्रस्थान 19.31 बजे, कोठारी रोड आगमन 19.37 बजे, प्रस्थान 19.38 बजे, मड़वारानी आगमन 19.44 बजे, प्रस्थान 19.45 बजे, सरगबुंदिया आगमन 19.52 बजे, प्रस्थान 19.54 बजे, उरगा आगमन 20.01 बजे, प्रस्थान 20.02 बजे होते हुये 20.30 बजे कोरबा स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08204 कोरबा-बिलासपुर पूजा स्पेशल ट्रेन 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक कोरबा स्टेशन से प्रतिदिन रात्रि को 22.15 बजे रवाना होगी तथा उरगा आगमन 22.24 बजे, प्रस्थान 22.25 बजे, सरगबुँदिया आगमन 22.31 बजे, प्रस्थान 22.32 बजे, मड़वारानी आगमन 22.39 बजे, प्रस्थान 22.40 बजे, कोठारी रोड आगमन 22.45 बजे, प्रस्थान 22.46 बजे, बालपुर हॉल्ट आगमन 22.51 बजे, प्रस्थान 22.52 बजे, चांपा आगमन 23.04 बजे, प्रस्थान 23.06 बजे, जांजगीर-नैला आगमन 23.18 बजे, प्रस्थान 23.23 बजे, कापन आगमन 23.29 बजे, प्रस्थान 23.30 बजे, अकलतरा आगमन 23.37 बजे, प्रस्थान 23.39 बजे, कोटमीसोनार आगमन 23.45 बजे, प्रस्थान 23.46 बजे, जयरामनगर आगमन 23.52 बजे, प्रस्थान 23.53 बजे, गतौरा आगमन 00.04 बजे, प्रस्थान 00.05 बजे होते हुये 00.30 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी

# जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं एसबीआई ने किया सिक्का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


नवीन सदस्यो का सम्मान करते चेंबर अध्यक्ष।

जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सिक्का वितरण एवं नवीन सदस्यों के सम्मान समारोह का आयोजन चैम्बर भवन कोरबा में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामसिंह अग्रवाल, जिला चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर पी तिवारी, नरेश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष जतिन डोडेजा, हितेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल वर्षा आदि गणमान्य वरिष्ठजनों एवं बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सिक्कों का वितरण किया गया। यह पहल ग्राहकों को छोटे मूल्यवर्ग की मुद्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लेन-देन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि बैंक हमेशा ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता है और छोटे सिक्कों की उपलब्धता को लेकर लगातार प्रयासरत है। उन्होंने व्यापारियों एवं आम जनता से बैंकिंग सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील भी की। जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कोरबा के पदाधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से व्यापार जगत को सुविधा मिलेगी तथा आर्थिक गतिविधियों में सुगमता आएगी। कार्यक्रम में नये सदस्य बने उद्यमियों एवं व्यापारियों का सम्मान भी किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समारोह में वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी बंधु, बैंक अधिकारी तथा चैम्बर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार सिटी बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल सिम्स में भर्ती

**हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने वाहन किया जब्त**

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार सिटी बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस जब्त कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रतनपुर पोंड़ी निवासी योगेश कश्यप पिता जवाहरलाल कश्यप 24 साल सोमवार की सुबह 7 बजे बाइक से नेहरू चौक होते हुए उसलापुर की ओर जा रहे थे। शेफर्ड स्कूल के पास सामने से आ रहे सिटी बस के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे योगेश उछलकर बस के शीशा में टकरा गया। बस की रफ्तार तेज होने से बस का शीशा टूटकर चकनाचूर हो गया और योगेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।


घायल



सूचना पर सिविल लाइन थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं सिटी बस को जब्त कर पुलिस लाइन में खड़ा करा दिया गया है।


मारपीट के आरोपी।

## कार सवार युवक ने ग्रामीण को मारी टक्कर, मारपीट

नशे में धुत कार सवार ने पैदल जा रहे ग्रामीण को टक्कर मार दी, उसके बाद कार सवार युवकों ने ग्रामीण व उसके दो बेटो के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, कोटा मझगांव निवासी नरेन्द्र पात्रे पिता सावल पात्रे अपने दो बेटों के साथ ट्रेन से शहर आए और काम करने के लिए पैदल हेमूनगर जा रहे थे। बंधवा तालाब के पास नशे में धुत कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए नरेन्द्र पात्रे को टक्कर मार दी। उन्होंने देखकर गाड़ी चलाने कहा तो कार में सवार युवकों ने नरेन्द्र व उसके बेटों के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने नरेन्द्र पात्रे की रिपोर्ट पर हमलावर गोविंद रजक, असीम शाहर व अन्य युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125, 296, 351, 2, 115, 2,3, 5, व शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# नीरांजली परियोजना का शुभारंभ, ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


परियोजना के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण।

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के सहयोग से वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित नीरांजली परियोजना का शुभारंभ जिले में किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अंशुल सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करके एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती नवोमिता मुखर्जी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज समाजहित और सतत विकास के कार्यों में सदैव योगदान देता रहेगा। आशीष यादव वाटरशेड विभाग ने कहा कि नीरांजली परियोजना से जल संरक्षण और भूमि सुधार कार्यों को नई दिशा मिलेगी। यदि समुदाय सक्रिय रूप से इसमें जुड़ता है तो यह परियोजना कोरबा जिले का आदर्श मॉडल बन सकती है। पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण विकास का आधार जल और भूमि का सही प्रबंधन है। नीरांजली जैसी योजनाएँ किसानों की आयवृद्धि और सतत कृषि को बढ़ावा देने में सहायक होंगी। कार्यक्रम को प्रकाशचंद्र जाखड़ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, अंशुमान पांडा क्षेत्रीय प्रबंधक एवं नवीन बनकर तकनीकी अधिकारी ने भी संबोधित किया। नीरांजली परियोजना पसान तहसील के 10 ग्रामों लैगी, पौंडिकला, धौरामुड़ा,कुम्हारीदर्री, सिर्री, अमली बहरा, पिपरिया, समलाई, कोड़गार, दुल्लापुर में वॉटर संस्था द्वारा संचालित है। परियोजना के अंतर्गत भूमि समतलीकरण, खेत तालाब निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट इकाइयाँ, खेत बाँध एवं जल संरक्षण संरचनाएँ के साथ साथ सामूहिक आजीविका गतिविधियां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, जल संसाधनों का संरक्षण करना और समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर अंशुल सिंह, राजशेखर, आलोक कुमार,दीपक गोस्वामी, देवेन्द्र बैरागी, दीपक सकत, सूरज यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सभापति ने की घटिया पानी टंकी निर्माण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

जिला पंचायत वन समिति की सभापति श्रीमती सावित्री कंवर ने कोरबा जनपद के ग्राम पसरखेत में जल जीवन मिशन अंतर्गत बन रहे पानी टंकी की विसंगति की शिकायत कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से करते हुए जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने पत्राचार किया सावित्री ने अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पसरखेत (कंगापारा) में अनुबंध कार्याआदेश के अनुसार निर्माण एजेंसी मेसर्स जयनारायण यादव द्वारा कार्य कराया जा रहा है। अनुबंध की लागत राशि 89.25 लाख रुपये है। उक्त कार्य को 4 मई 2024 तक आवश्यक रूप से पूर्ण करना था और उक्त कार्य आदेश के अनुसार उक्त निर्माण कार्य को कार्यादेश तिथि से 9 माह के भीतर पूर्ण कराया जाना था लेकिन आज दिनांक तक उक्त निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका संबंधित विभाग के द्वारा ठेकेदार व उसके कार्य पर नियंत्रण नहीं होने के कारण उक्त निर्माण के कार्य स्थल पर सूचना पटल भी नही लगाया गया है जिससे लोक कल्याणकारी कार्य के संबंध में जन जागरुगता की अभाव है जिस कारण भी उक्त निर्माण कार्य के गुणवत्ताहीन होने के संबंध में आम जनता शिकायत नहीं कर पा रहें हैं। उक्त कार्य में भारी अनियमितता व गुणवत्ताहीन निर्माण होने के संबंध में समाचार से ज्ञात हुआ लेकिन आज दिनांक तक समाचार से अवगत होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उक्त गंभीर समास्या पर संज्ञान नहीं लिया गया जिस कारण यह शिकायत पत्र देने की आवश्यकता हुई। जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाये जा रहे पानी टँकियों मे निर्माण व गुणवत्ता संबंधी कई विसंगतिया हैं जिससे शासन के पैसे का पूरा पूरा दुरूपयोग होता दिख रहा है और अधिकारी व ठेकेदार अपनी जेबें भरने में मशगूल हैं। अब देखना है कि शिकायत करने के बाद प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्यवाही किया जाता है या नहीं।

**खास बात**
- जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी में ढेरों अनियमितता

# सिम्स में बांड में डाक्टरों की पोस्टिंग मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डाक्टरों की कमी बनी हुई है। पिछले एक साल के भीतर 22 डाक्टरों का सिम्स से मोह भंग हो चुका है। जिसके बाद से सिम्स प्रबंधन ने शासन से डाक्टरों की मांग की थी। हाल ही में शासन ने सिम्स के लिए 11 डाक्टरों की पोस्टिंग की है, इसमें से 7 डाक्टरों ने सिम्स में ज्वाइनिंग भी दे दी है।

हाल ही में एमपी और अन्य राज्यों में डाक्टरों की वेकेन्सी आने के बाद सिम्स के संविदा व बॉड डाक्टरों ने नौकरी छोड़ दी थी। मेडिकल कॉलेज में कई विभागों में महज प्रोफेसर ही काम कर रहे हैं, जबकि एसोसिएट प्रोफेसर, अस्सिटेंट प्रोफेसर और रेसीडेंट डाक्टरों की कमी है। ऐसे में मरीजों का इलाज और स्टूडेंट की पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही है। सिम्स प्रबंधन ने इस समस्या के लिए शासन से भर्ती करने की मांग की है, लेकिन शासन ने हाल ही में 11 बांड डाक्टरों की पोस्टिंग कर सिम्स को राहत दी है। इसमें से 7 डाक्टरों ने सिम्स में ज्वाइनिंग दी है, और कुछ ने ओपीडी में सेवाएं भी शुरू कर दी है। जिससे सिम्स में अब लोगों इलाज में हो रही परेशानी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी।

### सभी जगह है कमी

डॉक्टरों की कमी सभी मेडिकल कॉलेजों में है, सिम्स की स्थिति बेहतर थी, लेकिन थोड़े समय के लिए डाक्टरों की कमी हुई है। जिसे शासन ने बांड के डाक्टरों से पूर्ति की है। हमनें नियमित तौर पर डाक्टरों की भर्ती करने का प्रपोजल भी दिया है, इस दौरान अगर बांड के डाक्टर मिलते हैं तो उनकी भी ज्वाइनिंग कराई जाएगी। इससे गुणात्मक सुधार हुआ है और मरीजों को भी इसका फायदा होगा।

-डॉ रमणेश मूर्ति
डीन, सिम्स

# रक्षित आरक्षी केंद्र में पुलिस परिवार के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में रविवार को रक्षित आरक्षी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया, जिसमें पुलिस बल के जवानों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रितेश मसीह, डॉ. गौरी शंकर, डॉ. मुस्तफा रजा सहित कई अन्य चिकित्सकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। शिविर का संचालन रक्षित निरीक्षक श्री अनथ राम पैकरा की उपस्थिति में किया गया, जिनके समन्वय से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर में पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवार के शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करना था। श्री तिवारी ने कहा किपुलिस बल की सुदृढ़ता न केवल शारीरिक प्रशिक्षण से आती है, बल्कि उनके अच्छे स्वास्थ्य से भी जुड़ी होती है। इस तरह के शिविर हमारे बल की कार्यक्षमता और मानसिक-सामाजिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करते हैं। इस आयोजन से यह स्पष्ट संदेश गया कि कोरबा पुलिस बल न केवल कानून-व्यवस्था में तत्पर है, बल्कि अपने कर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप



### प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा गतिविधियां का आयोजन

**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में कोरबा जिला में पोषण माह 2025 के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में ईसीसीई गतिविधियों प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 3 वर्ष से शून्य वर्ष के बच्चों के बीच समझ विकसित करने हेतु फल, सब्जी आदि से संबंधित फैंसी ड्रेस, चित्रकारी, मिट्टी खिलौना निर्माण इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों को पोषण के साथ-साथ सीखने के केन्द्र के रूप में दर्शाने हेतु पोस्टर, स्लोगन, बैनर के माध्यम से पोषण भी पढ़ाई भी थीम का प्रचार-प्रसार किया गया। खेल आधारित शिक्षा पर परवरिस के चैंपियन कार्यक्रम अंतर्गत पालक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें स्वदेशी खिलौनो को बढ़ावा देने के लिए खेल आधारित शिक्षा पर बच्चो और उनके अभिभावको के लिए प्रदर्शन और विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। मेन स्ट्रीमिंग थीम के अंतर्गत पिता/पुरूष सदस्यों के साथ पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। पहले हजार दिवस के दौरान मस्तिष्क के विकास पर पिताओं और समुदाय के अन्य पुरूष सदस्यों की भागीदारी हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया एवं पारस्परिक संवाद के बाद प्रत्येक पुरूष को छोटे-छोटे पोषण लक्ष्यों की सूची प्रदान की गई।

### विद्युत कंपनी की वादाखिलाफी के विरोध में काली पट्टी लगाकर काम करेंगे कर्मचारी



**कोरबा।** कल्याण भवन तिफरा बिलासपुर में प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की कार्यसमिति का विशेष बैठक छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के 9 अक्टूबर के आंदोलन की कार्ययोजना तय करने एवं प्रथम और द्वितीय चरण के तहत ज्ञापन एवं प्रचार प्रसार की समीक्षा हेतु आयोजित किया गया। विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा कर्मचारी हितों की महत्वपूर्ण मांग पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण को कई वर्षों से झूठे आश्वाशन देकर कोई सार्थक निर्णय नहीं लेने एवं वादाखिलाफी के विरोध में प्रदेश के विद्युत कर्मचारियों में आक्रोश हैं। क्षेत्रीय पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि महासंघ के आंदोलन का कर्मचारियों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और तृतीय चरण के तहत 1 से 8 अक्टूबर तक अपने कार्यक्षेत्र में काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों का मार्गदर्शन अखिल भारतीय मंत्री और उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के द्वारा किया गया, बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन तेज प्रताप सिन्हा के द्वारा किया गया।

### स्पीड पोस्ट में बदलाव, अब ग्राहक को मिलेगा और भी बेहतर अनुभव

**कोरबा।** डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स ने इनलैंड स्पीड पोस्ट (डॉक्यूमेंट) की टैरिफ दरों में बदलाव और कई नई सुविधाओं की शुरुआत की घोषणा की है। यह सभी बदलाव 1 अक्टूबर से लागू होंगे। अब स्पीड पोस्ट (डॉक्यूमेंट/पार्सल) को रजिस्टर्ड कराया जा सकेगा। डिलीवरी सिर्फ असली प्राप्तकर्ता या उसके अधिकृत व्यक्ति को होगी। इसके लिए 5 प्रति आइटम प्लस जीएसटी लगेगा। अब पार्सल तभी डिलीवर होगा जब प्राप्तकर्ता ओटीपी वेरिफाई करेगा। स्टूडेंट्स को स्पीड पोस्ट पर 10 प्रतिशत लाभ मिलेगा। नए बड़े ग्राहक को 5 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। हर डिलीवरी से जुड़ी जानकारी एसएमएस पर मिलेगी। अब घर बैठे ऑनलाइन स्पीड पोस्ट बुक की जा सकेगी। यूजर्स अपने पार्सल की लोकेशन और डिलीवरी स्टेटस रियल टाइम में देख सकेंगे। ग्राहकों के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सरकार ने अलग-अलग वजन और दूरी के हिसाब से शुल्क तय किए हैं। 50 ग्राम तक लोकल 19, 2 सौ किमी तक 47 रुपये, 51 से 250 ग्राम तक लोकल 24 रुपये, 200 किमी तक 59 रुपए, 201–500 किमी 63 रुपए, 501–1000 किमी 68 रुपये, 1 हजार किमी से ज्यादा 77 रुपए, 251 से 500 ग्राम तक लोकल 28 रु, 200 किमी तक 70 रुपए, 201–500 किमी 75 रुपए, 501–1000 किमी 82 रुपए, 1001–2000 किमी 86 रुपए, 2 हजार किमी से ज्यादा 93 रुपए चार्ज लगेगा।

## पंडाल व चलित झांकिया कर रही लोगों को आकर्षित

# कटघोरा में धूमधाम से मनाया जा रहा शारदीय नवरात्र



प्रदर्शनी देखते नगरवासी।



दुर्गा पंडाल के सामने एकत्र जनसमूह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शारदीय नवरात्र पर्व की आस्था और उत्साह का रंग इस समय पूरे कटघोरा नगर में छाया हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डों और पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। परंपरा के अनुसार नगर में लगभग 9 स्थानों पर प्रतिमा स्थापना होती है, लेकिन इनमें सबसे विशेष आयोजन वार्ड क्रमांक 9 स्थित गायत्री दुर्गोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है, जहां इस वर्ष दुर्गोत्सव का 26वां वर्ष पूरे भव्यता के साथ मनाया जा रहा है।

समिति द्वारा इस वर्ष अत्यंत भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों और सजावट से खास रूप दिया गया है। माता दुर्गा की अलौकिक प्रतिमा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। विशेष बात यह है कि यहां विभिन्न चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिनमें देवी स्वरूपों के साथ समसामयिक संदर्भों को जोड़ा गया है। ये झांकियां रात्रि समय गतिशील रूप में प्रस्तुत की जाती हैं, जो न केवल धार्मिक आस्था का अनुभव कराती हैं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी देती हैं। तकनीक और परंपरा का यह संगम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हर दिन संगीतमय आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता रानी का गुणगान करते हैं। आरती के पश्चात भोग भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाता है। सांयकाल और रात्रि में बच्चों और महिलाओं द्वारा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाती हैं, जो दर्शकों को भाव-विभोर कर रही हैं। भक्ति रस से सराबोर इन आयोजनों में नगरवासी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग ले रहे हैं। कटघोरा का यह दुर्गोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करता है। तकनीकी नवाचारों के साथ परंपरा का मेल इस आयोजन को और खास बना रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ यह दर्शाती है कि नगर में मां दुर्गा के इस पावन पर्व को लेकर लोगों में अपार श्रद्धा और उत्साह है।

### पथर्रीपारा में स्थापित हुई नवदुर्गा पंडाल में प्रतिदिन होता है भोग भंडारा



**कोरबा।** पथर्रीपारा में दाईं स्व सहायता समूह वार्ड नंबर 19 में विगत 22 वर्षों से नवदुर्गा की स्थापना निरंतर किया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर मोहल्ले के समस्त वरिष्ठजनों में खासकर महिलाओं का सराहनीय योगदान रहता है। प्रतिदिन शाम आरती के बाद भोग भंडारा का आयोजन किया जाता है। उक्त आयोजन को मुहूर्त रूप देने में श्रीमती भाभुनी महंत, गायत्री राजवाड़े, सुनीता रतिया, खीख बाई महंत, शांति साहू, लक्ष्मी राव, सुरेश्वरी गवेल, हेमलता कंवर, गायत्री राव, कौशल्या गबेल, शांति साहू, पिंकी साहू, पूनम मंहत, कविता श्रीवास, प्रिया सारथी,भारती मंहत, सुधा महंत, कीर्ति राजवाड़े, प्रीति महंत, प्रमिला महंत, अन्नपूर्णा साहू, मनीराम जांगड़े, संजय साहू, अमृत दास महंत, प्रभा मेडिकल स्टोर के संचालक का योगदान रहता है।

### मड़वारानी मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**मड़वारानी।** माता मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर में नवरात्रि पर्व मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी पहाड़ ऊपर नवरात्रि पर्व में माता मड़वारानी दाई मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया गया है जिसमें तेल ज्योति कलश 1260, तेल श्रृंगार कलश 308, घृत ज्योति कलश 68, घृत श्रृंगार कलश 90 एवं हनुमान जी की मंदिर में कुल 1726 मनोकामना ज्योति कलश प्रजवल्लित किया गया है। माता की आरती में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। माता के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुगण माता मड़वारानी दाई की दर्शन करने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु माता मड़वारानी दाई की पिंडी दर्शन का लाभ ले रहे हैं जगत जननी माता मड़वारानी दाई की महिमा अपार है। समिति द्वारा माता के भक्तों के लिए सुविधा की गई है तथा हवन, कन्या पूजन, ज्योति कलश का विसर्जन 5 अक्टूबर को किया जाएगा। जानकारी समिति की विनोद कुमार साहू सचिव मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी द्वारा दी गई है।



# 55 वर्षों से परंपरा को संजोए बालकोनगर दुर्गा पूजा उत्सव



विक्टोरिया मेमोरियल की तर्ज पर बना सेक्टर 3 का दुर्गा पंडाल।



पूजा अर्चना करते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालकोनगर

नवरात्रि के अवसर पर बालकोनगर के सेक्टर-3 स्थित दुर्गा पंडाल में माता आदिशक्ति की स्थापना हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ की गई। पूजा की शुरूआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार द्वारा किया गया। सीईओ सहित बालको परिवार के अन्य सदस्यों ने मां दुर्गा की आराधना कर कंपनी और क्षेत्र की निरंतर प्रगति व समृद्धि की कामना की। बालकोनगरवासियों ने बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। कोलकाता के ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल की भव्यता को साकार करता यह पंडाल श्रद्धा और कला का अद्भुत संगम बना। दुर्गा पंडाल की आकर्षक सजावट और देवी के मनमोहक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में बालकोनगर और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। सेक्टर-3 में आयोजित यह सार्वजनिक दुर्गा पूजा बालकोनगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुकी है। इस वर्ष यह आयोजन अपनी गौरवशाली परंपरा के 55वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

# डांस प्रतियोगिता में महासमुंद का शिव शक्ति ग्रुप रहा अव्वल



प्रतियोगिता में विजयी टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा रविवार को दुर्गा पंडाल बस स्टैंड में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में जिले के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर, महासमुंद एवं अन्य जिलों के भी प्रतिभागी पहुंचे थे। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार शिव शक्ति महासमुंद 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार महामाया डांस ग्रुप शिवरीनारायण 71 सौ रुपये, तृतीय पुरस्कार नरसिम्हा डांस ग्रुप सरकंडा बिलासपुर 51 सौ रुपये, चतुर्थ पुरस्कार श्रद्धा डांस ग्रुप बिलासपुर 31 सौ रुपये, पंचम पुरस्कार द गैंगस्टर डांस ग्रुप कनकी धाम 21 सौ रुपये, षष्ठी पुरस्कार रेड एंजेल कुसमुंडा 11 सौ रुपये, सप्तम पुरस्कार बेस्ट यूनिटी डांस ग्रुप बाराद्वार 501/ रुपये, युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुरेश वर्षा रायगढ़ 51 सौ रुपये, द्वितीय पुरस्कार जे बी युगल डांस ग्रुप कोटमी सोनार 31 सौ रुपये तृतीय पुरस्कार नागेश एंड मोहिनी शक्ति रायगढ़ 21 सौ रुपये, चतुर्थ पुरुस्कार काब्या एंड नेहा 1100/ रुपये, एकल डांस में प्रथम पुरस्कार संजना सोनी कोरबा 31 सौ रुपये, द्वितीय पुरुस्कार शरस्वती 21 सौ रुपये, तृतीय पुरस्कार विजय यूनिक कोरबा 11 सौ रुपये समिति के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर,सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर,ब्यास राठौर, वीरेंद्र पटेल जी,यशवंत राठौर,डॉ गणेश प्रभुवा,देवेश शर्मा,राजू गुप्ता,बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत,आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना,हेम साहू, रामलाल प्रजापति,यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, किशोर यादव, कांति राठौर,यदुराज राठौर, राजू राठौर,राहुल यादव, रमेश प्रजापति, आकाश जायसवाल, समीर जायसवाल, धनंजय धुरवा, आशीष अग्रवाल, बॉबी राठौर, संजय राठौर,आशीष अग्रवाल कोरबा,चंदराम यादव, आसुतोष बंजारे, बबला मरकाम, विकास कंवर, प्रताप कंवर, परमेश्वर निर्मलकर,प्रवीण गुरुद्वान,राहूल डिक्सेना, विक्की यादव, राहुल राठौर, शिवम जायसवाल, शिवा राठौर, वैभव राठौर,राहुल प्रजापति के अलावा समिति के सदस्य अधिक संख्या में उपस्थित थे।

**खास बात**

- बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता संपन्न

# डीएमएफ के सहयोग से क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्य : नरेंद्र



लोकार्पण करते पार्षद नरेंद्र देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं और डीएमएफ के सहयोग से क्षेत्र के विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इस भवन के निर्माण से अब क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और नई पीढ़ी के लिए सुनहरा भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

उक्त बातें पार्षद नरेंद्र देवांगन ने वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया अंतर्गत जिला खनिज न्यास मद से 16 लाख 69 हजार रुपये की लागत से निर्मित शासकीय प्राथमिक शाला पीपरपारा (कोहड़िया) के नवीन भवन का लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव तथा प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती टोप्पो, शिक्षिका श्रीमती ऐली, श्रीमती खुशबू सहित भाजपा के कार्यकर्ता राम कश्यप, रवि पोर्ट, मधुकर, आशीष द्विवेदी, कृष्णा द्विवेदी, अजय महंत, दीनदयाल यादव, सोनाराम यादव, बबली मरकाम, सुनीता राव एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वदेशी अपनाएं, भारत को आत्मनिर्भर बनाएं : हितानंद



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद हितानंद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को गति प्रदान करने पूरे भारतवर्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के बीच सभाए, संगोष्टियां एवं कार्यशालाएं चलाई जा रही हैं। जिससे समाज में आत्मनिर्भर भारत के विषय पर चेतना जागे। इसी विषय को लेकर कोरबा नगर मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित की गई।

जहां कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि भारत को पहले सोने की चिड़िया कहा जाता था। पुष्पक विमान, कम समय में हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, संजय द्वारा धृतराष्ट्र को युद्ध का सीधा प्रसारण दिखाना जैसे अनेक उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पहले मुगलों ने उसके बाद अंग्रेजों ने भारत को इतना लूटा कि भारतवर्ष पिछड़े हुए देश में गिना जाने लगा। आजादी के बाद भी तत्कालीन सरकारें गरीबी हटाओ का नारा लगती रहीं लेकिन इस विषय पर कभी कुछ नहीं हुआ उन्होंने हाल ही में भारत सरकार द्वारा जीएसटी में किए जाने वाली कमी की भी सराहना की एवं उसके लाभों के बारे में बताया। प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया ने कहा कि कोई भी देश खुशहाल तभी हो सकता है जब वह आत्मनिर्भर हो, उन्होंने सभी से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने एवं उनका उपयोग करने के लिए आग्रह किया। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, महामंत्री द्वय रामशंकर साहू एवं राहुल शुक्ला, सहसंयोजक सूरज पांडे, पूर्व कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल मंचस्थ रहे। इस दौरान पूर्णिमा पासवान, प्रमिला सागर सुकेश दलाल, विजय गुप्ता, रूबी सागर, ऊषा यादव, कविता सोनी, अन्नपूर्णा श्रीवास, स्मिता सिंह, रेखा सिंह, ममता बाचड़, सुजीत राठौर, रविंद्र शर्मा, संजय सारथी, ईश्वर पटेल, सन्नी सिंह, प्रदीप सिंह, रामावतार पटेल, हेमलाल टंडन, कृष्णा यादव, संतोष मिश्रा, दादू भैया, अशोक श्रीवास्तव, मनु भैया, सुखदेव सिंह, प्रभात मिश्रा, केवट जी,बड़ी संख्या में मंडल के पदाधिकारीगण, पार्षद गण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

*कोरबा। कमला नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 57 वें स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत तरदा के भाटापारा आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण तिहार का आयोजन किया गया। भारत सरकार के द्वारा 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है जिसकी थीम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार है। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययन करने वाले बच्चों तथा उनकी माताओं को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम की जानकारी दिया।

# छग निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष ने दिव्यांगों को उपकरण का किया वितरण



दिव्यांगों को उपकरण वितरित करते हुए अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत छग निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया अपने एक दिवसीय कोरबा दौर में रहें। इस अवसर पर उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांग जनों को उपकरण वितरण किया तथा निगम से ऋण लेकर सफलतापूर्वक अदायगी करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किये। मुख्य अतिथि लोकेश कांवड़िया ने छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. श्री पवन सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला महामंत्री भाजयुमो नरेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रुकमणी नायर, ज्योति वर्मा, लक्की नंदा, जिला मंत्री विवेक मार्कंडेय, सुस्मिता कमलेश अनंत, माया रुपेश कंवर, अजय चंद्रा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, शैलेंद्र यादव, नीरज ठाकुर, उदय श्रीवास्तव, राम अवतार पटेल उपस्थित रहे।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### रामलीला में सीताहरण सहित अनेक प्रसंगों का मंचन आज

**कोरबा।** नगर पालिक निगम द्वारा घंटाघर स्थित मैदान में रविवार से प्रारंभ हुए भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव की कड़ी में 30 सितम्बर को पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, रामसुग्रीव मैत्री, बाली वध, अशोक वाटिका प्रसंग एवं लंका दहन आदि महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम द्वारा 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन के तीसरे दिवस 30 सितम्बर को पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, रामसुग्रीव मैत्री, बाली वध, अशोक वाटिका प्रसंग एवं लंका दहन के प्रसंगों का मंचन बनारस की प्रसिद्ध रामलीला मण्डली देवशक्ति इन्टरटेनमेन्ट के द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार 1 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति मेघनाथ व रावण वध एवं राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को लेजर शो के माध्यम से रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### माया का नेशनल साइक्लिंग प्रतियोगिता में हुआ चयन



**कोरबा।** रानी लक्ष्मी बाई स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा माया ने राज्य स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। माया की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला सहित विद्यालय परिसर में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और लगन ने न केवल अपने माता पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि जिले को भी गर्वान्वित किया है। विद्यालय के संचालक ने कहा कि विद्यालय की छात्रा माया ने अपने साहस, परिश्रम और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज कराएंगी।

### रजगामार में दिखा बंबू पिट वाइपर रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में



**कोरबा।** रजगामार क्षेत्र में उस समय लोग अचंभित हो गए जब उन्होंने एक ग्रामीण के घर में हरे रंग का सांप देखा। सांप को देखते ही उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी और इसकी सूचना स्नेक रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गई। जितेंद्र सारथी अपने टीम के सदस्य विक्की प्रजापति, तरुण भारती, अभय चंद्रा के साथ उस घर में पहुंचे और बताया कि यह बंबू पिट वाइपर है जिसको स्थानीय भाषा में सुवा सांप या बांस वाला सांप बोलते हैं जो जहरीला होता है, यह सांप पहले भी कई बार मिल चुका हैं फिर बड़ी सावधानी से पहले सांप को नीचे उतारा गया और थैले में डाला गया और फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया। यह विषैला सांप है लेकिन इसका विष प्रायः घातक नहीं होता, यह बांस के जंगलों, झाड़ियों और पेड़ों में रहना पसंद करता है, इसका रंग हरा होने से यह आसानी से पौधों में छिप जाता है, आँखों के पास मौजूद पिट (संवेदी अंग) इसे शिकार की गर्मी महसूस करने में मदद करते हैं,यह मुख्यतः मेंढक, छिपकली, छोटे पक्षी और चूहों का शिकार करता है।

### गोपालपुर में मानव श्रृंखला, क्लीन सीटी लिखकर दिया गया स्वच्छता का संदेश

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार सेजेस गोपालपुर की प्राचार्य डॉ श्रीमती सीमा भारद्वाज के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत शालाओं में स्वच्छता के महत्व विद्यार्थियों एवं समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालय में अध्ययनरत अरपा सदन, इंद्रावती सदन, शिवनाथ सदन, एवं महानदी सदन के विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर क्लीन सीटी लिखकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

## कई स्थानों में लगेगा मेला, सदियों पुरानी परंपरा का होगा निर्वहन

# शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में रावण दहन की तैयारी पूरी, लाल मैदान में 115 फीट का सबसे ऊंचा रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजय दशमी पर्व के अवसर पर शहर एवं उप नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में जगह जगह रावण के पुतले का गुरुवार को दहन किया जाएगा। जिले का सबसे आकर्षण का केंद्र बिंदु रहने वाला दर्री लाल मैदान में इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई 115 फुट है जो जिले का सबसे ऊंचा रावण होगा। लेजर तकनीक के उपयोग से यह आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा।

**कहां कितना ऊंचा रावण**

| स्थान | ऊंचाई |
|---|---|
| लाल मैदान | 115 फीट |
| बालको | 70 फीट |
| आर पी नगर | 60 फीट |
| नगर निगम | 65 फीट |
| पुराना बस स्टेंड | 55 फीट |
| बांकीमोंगरा | 45 फीट |
| रजगामार | 40 फीट |
| पाली | 40 फीट |
| मुड़ापार | 35 फीट |
| बुधवारी | 35 फीट |

दर्री लाल मैदान में रावण के पुतले के दहन के साथ कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतले भी तैयार किए गए हैं। श्रीराम को सेना को लंकापति ललकारेगा, लाल आंखों से घूरेगा भी। आतिशबाजी से सतरंगी आसमान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसे लेकर शहरी क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक स्थानों खास तैयारियां की गई है। शहर के प्रमुख दशहरा मैदान एनटीपीसी दर्री लाल मैदान, पुराना बस स्टैंड, मुड़ापार बाजार, राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस वन, महाराणा प्रताप नगर, रानी रोड, रामलीला मैदान बालको, लाल मैदान दर्री, कटघोरा मैदान, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा सहित उपनगरीय क्षेत्रों में विजयादशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। लाल मैदान में जिले का सबसे अधिक ऊंचा 115 फीट का रावण दहन किया जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर 35 फीट से लेकर 70 फीट ऊंचा रावण का विशालकाय पुतला तैयार किया गया है। इसके लिए समितियों ने विशेष तैयारियां की है। साढ़े सात बजे के बाद से पुतला दहन का कार्यक्रम शुरु हो जाता है। बालको रामलीला मैदान में रावण पुतले का दहन का समय 8 बजे रखा गया है। इसी तरह दर्री लाल मैदान में पुतले दहन का समय 08.15 बजे बताया गया है। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में रावण के पुतले का दहन का कार्यक्रम रात्री 9 बजे तक सभी स्थानों में कर लिया जाएगा।





लाल मैदान में रावण का पुतला तैयार करते हुए।

**निकलेंगी श्रीराम की सेना की झांकी**

दशहरा उत्सव पर कई स्थानों में भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी निकाली जाएगी। बालको में प्रतिवर्ष भगवान राम की झांकी, रामलीला मंच से लेकर रावण दहन स्थल तक निकलती है। इस बीच पूजा-अर्चना के साथ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसी के साथ बुराई का अंत होगा। पुतला दहन के बाद मौजूदा भीड़ कई स्थानों पर रात में भक्तिमय कार्यक्रम का लुत्फ उठाएंगे। जसगीत व जागरण के साथ अनेक कार्यक्रम होंगे। इसे लेकर समितियां तैयारी में जुटी हुई हैं।

**बालको में 50 साल से चली आ रही है रावण दहन की परंपरा**

उपनगरीय क्षेत्र बालको में बीते दस दिनों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। दशहरा के दिन दस दिन तक चलने वाली इस राम लीला का समापन रावण के पुतले के दहन के साथ होता है। दशहरे के अवसर पर गर्ल्स स्कूल चौहारे से लेकर सिविक सेंटर चौहारे तक सड़क मार्ग के दोनों ओर दुकानें लगी रहती है। बालको प्रबंधन द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही दुकान लगाने हेतु जगह का आबंटन कर दिया गया है। वर्ष 1971 से यहां रामलीला का मंचन श्रमिक संघ इंटक बालको प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। तब से लेकर आज तक 50 वर्ष का लंबा समय रामलीला में रावण दहन के अवसर पर लगने वाला मेला का समय बीत चुका है।

**जिले के सबसे ऊंचे रावण की इस बार यह खासियत**

जिले भर में सबसे ऊचें रावण की खासियत ऊंचाई के साथ-साथ तकनीकी रूप से रावण को बनाएं गए शक्तिशाली रूप है। यहां प्लांट के स्क्रैप से पाइप को वेल्डिंग करके एक-दूसरे को जोड़ा गया है, बीच में क्लैम्प लगाया गया है। मोटर के चलते ही रावण के सभी 10 सिर चारों ओर तरफ घुमेंगा। आंखों पर लाल रंग की लाइट लगाई गई है। मुंह से तेज धुंआ निकलेगा। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। लेजर किरणों से इसकी आकर्षण के साथ इस बार इलेक्ट्रानिक पटाखे का भी उपयोग हो रहा है।

**लाल मैदान में 112 फीट का ऊंचा रावण का होगा दहन**

लाल मैदान दशहरा उत्सव के लिए रावण का पुतला 115 फीट का बनाया जा रहा है। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के कर्मचारियों की दशहरा उत्सव समिति बड़ी तन्मयता एवं मेहनत के साथ रावण पुतला के निर्माण कार्य में जुटी हुई है। दशहरा के दिन गुरूवार को लाल मैदान पर दस सिरों वाला रावण लाल-लाल आंखें दिखाएगा और अट्टहास करेगा। दशहरा उत्सव समिति के मुताबिक रात 8 से दशहरा उत्सव में आसमानी आतिशबाजी, लेजर शो भी आकर्षण का केंद्र होगा। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

# श्रीरामचरित मानस व रामलीला जीवन की सम्पूर्ण पाठशाला : देवांगन



रामलीला का मंचन।



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीरामचरित मानस एवं रामलीला जीवन की सम्पूर्ण पाठशाला हैं, भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्शो को आत्मसात कर जनकल्याण के मार्ग पर बढ़ना मनुष्य का परम धर्म है। रामलीला का मंचन केवल धर्म की शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि यह मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन की पाठशाला है, जो हमें सही अर्थो में जीवन जीने की शिक्षा देती है।

**खास बात**

- निगम द्वारा आयोजित श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव मेला का हुआ शुभारंभ

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निहारिका घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर मैदान में श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव मेला के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अन्याय व अधर्म बढ़ता है, भगवान मानव रूप में अवतरित होकर अन्याय व अधर्म का सम्पूर्ण विनाश करते हैं। हमारी भावी पीढ़ी को हमारी धर्म व संस्कृति से भलीभांति परिचित होना चाहिए, उन्हें अपने सनातन धर्म का ज्ञान मिलना चाहिए, यह अत्यंत जरूरी है। मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व निगम की सम्पूर्ण टीम एवं आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करने वाले आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करने वाले विद्याभारती मध्यक्षेत्र उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि संस्कृति को चलायेमान रखने वाला थियेटर आज सूना होता जा रहा है, जिसे जीवंत रखना जरूरी है, हमारी सामाजिक, पारिवारिक व सांस्कृतिक चेतना को जगाए रखने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है, निश्चित रूप से नगर निगम द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया है, जिसके लिए मैं महापौर, आयुक्त सहित समस्त टीम को बधाई व साधुवाद देता हूं। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि नौजवान पीढ़ी एवं बच्चों को भगवान श्रीराम की जीवनलीला व अपनी प्राचीन संस्कृति से परिचय कराने के लिए यह आयोजन रखा गया है, उन्होने कहा कि मेरा मन प्रफुल्लित है कि प्रभु श्रीराम की महान कृपा से भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव के इस पवित्र आयोजन का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है, प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन चरित्र के माध्यम से समाज के सामने जो महान आदर्श स्थापित किए थे, उन्होने समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का कार्य किया, भाई के साथ भाई का संबंध, पिता के साथ पुत्र का संबंध, पुत्र के साथ पिता का संबंध, मित्र का मित्र के साथ संबंध, राजा का प्रजा के साथ संबंध, किस तरह का होना चाहिए, उनकी मर्यादाएं क्या होनी चाहिए, इन सबके विराट दर्शन हमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में हर कदम पर मिल जाते हैं और इसीलिए प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहलाए हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के जीवन चरित्र का एक अंश भी अगर हम आत्मसात कर लें, तो हमारा मानव जीवन सफल हो जाएगा।

**पुष्पवाटिका, धनुष यज्ञ सहित विविध प्रसंगों का मंचन**

भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव के शुभारंभ दिवस पर पुष्पवाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, रामतिलक प्रसंग, मंथरा कैकेई संवाद आदि प्रसंगों का सुंदर मंचन किया गया, वहीं 29 सितम्बर को रामबन गमन, केंवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप, 30 सितम्बर को पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, अशोक वाटिका प्रसंग एवं लंका दहन, 1 अक्टूबर को सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक तथा अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।

# राखड़ डंपिंग व परिवहन बंद करने गौमाता चौक पर स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शनकारियों को समझाइश देती पुलिस।

सीतामढ़ी गौमाता चौक से उरगा जाने वाले रोड पर राखड़ परिवहन व कोयला परिवहन को लेकर स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया और स्थानीय लोगों ने गौमाता चौक में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की और प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया। स्थानीय लोगों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस को ज्ञापन सौंपा हैं यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आने वाले दिनों में उन्होंने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

सीतामणी इमलीडुग्गू के स्थानीय लोगों ने प्रशासन को जो ज्ञापन दिया है उसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सीतामणी गौमाता चौक सहित इस मार्ग में एसईसीएल के द्वारा ठेकेदारी करते हुए प्राइवेट कंपनियों को लाभ पहुँचाने हेतु राखड़ एवं कोयले का परिवहन किया जा रहा है। जबकि इन कार्यों हेतु अलग से सड़क बना हुआ है। जिस कारण भिलाईखुर्द, इमलीडुग्गू बाईपास सड़क धूल ग्रसित हो गया है एवं गौमाता चौक में राखड़ परिवहन करने से रोज राखड़ की बारिश हो रही है। साथ ही, भिलाईखुर्द में राखड़ डंपिंग का राखड़ वातावरण को दूषित कर रहा है और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। अंधाधुंध राखड़ के उड़ने से कुछ भी दिखाई नहीं देता, जिसके कारण आए दिन भिलाईखुर्द एवं गौमाता चौक में घटनाएँ होती रहती हैं। लोगों को चलने-फिरने समय में राखड़ कणों से परेशानी हो रहा है। सड़क इस प्रकार खराब हो चुका है कि आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएँ घट रही है। इस विषय पर अनेक बार संबंधित विभाग एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों द्वारा अवगत कराया जा चुका है। परंतु एसईसीएल मानिकपुर के द्वारा इन समस्याओं पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने गौमाता चौक में प्रदर्शन करते हुए राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की रफ्तार रोक दी गई थी। प्रदर्शन के उपरांत स्थानीय लोगों ने मामले को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# बलगी में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बलगी में चार आंगनबाड़ी केन्द्र बलगी-1, बलगी-2, डगनिया और जेठू दफाई के द्वारा संयुक्त रूप से पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें गर्भवती महिलाओं, शशुवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं नवजात शिशुओं के पोषण को मुख्य बिंदु रखा गया। आंगनबाड़ी के माध्यम से सरकार की जितनी भी योजनाएं संचालित है उन सभी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इन चारों आंगनबाड़ी केन्द्रों को चित्रकला, रंगोली और मिटटी के बर्तनों का टास्क दिया गया था। पोषण माह कार्यक्रम बांकीमोंगरा सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती ममता कंवर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्तागण प्रभा कश्यप, बसंती कंवर, प्रमिला यादव, बद्रिका कर्ष एवं आंगनबाड़ी की सहायिकाएं हितग्राही महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
न्यूरोलॉजी विभाग
- स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
- सरदर्द, माइग्रेन
- गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साईटिका)
- मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
- 24x7 Dedicated Neuro ICU
- EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. सी.एम. सिंह
DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411